संपादकीय

# पाकिस्तान में हिन्दुओं पर ईश निंदा कानून का खतरा

पाकिस्तान ब्यूरो आफ स्टेटिस्टिक(पीबीएस) ने पिछले दिनों आंकड़े जारी कर बताया कि पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी बढ़ गई है। इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 35 लाख थी जो 2023 में बढक़र 38 लाख तक पहुंच गई।

समझना होगा कि पाकिस्तान के हिन्दू बाहुल्य रेगिस्तानी इलाकों में कभी सलीके से जनगणना होती ही नहीं है, फिर वहां सिखों को अलग से गिना जाता है। सरकार की आंकड़ों को अब पाकिस्तान में निर्वाचित हिन्दू नेता ही फर्जी बता रहे हैं। समझना होगा कि एक तो पाकिस्तान में हिन्दू लड़कियों के जबरन अपरहण और धर्म परिवर्तन पर कभी कड़ी कार्रवाई होती नहीं, दूसरा वहां सरकार भी नहीं चाहती कि अल्पसंख्यकों की वास्तविक संख्या दिखाई जाए। उमरकोट के आसपास सैकड़ा भर गांव हिन्दू बाहुल्य हैं, और वहां सडक़, पानी, स्कूल जैसी सुविधाएं हैं नहीं।

पाकिस्तान के बड़े संगठनों, पाकिस्तान हिन्दू काउंसिल के चेयरमैन डॉ. रमेश कुमार वांकवानी और मुतहिदा राष्ट्रीय मूवमेंट की प्रांतीय असेंबली सदस्य डॉ. मंगला शर्मा इन आंकड़ों को झूठ बताते हुए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं कि सरकारी रिकार्ड में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 44 लाख 44 हज़ार 870 गिनी गई थी। असलियत में आज आबादी एक करोड़ से अधिक है। अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार और भेदभाव पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। पीबीसी के आंकड़े तो ईसाइयों की आबादी में सात लाख की बढ़ोतरी बता कर उनकी संख्या 33 लाख पहुंचने का दावा कर रहे हैं। वहां पारसी महज 2348 रह गए लेकिन सिखों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में 1951 में 1.60 फीसद हिन्दू आबादी थी। 1961 में 1.45 फीसद, 72 में 1.11, 1981 में 1. 85 और 2017 में 1.73 फीसद हिन्दू आबादी थी। इस साल यह आंकड़ा घट कर 1. 61 फीसद रह गया है। चूंकि बड़ी संख्या में हिंदुओं के पास राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईसी) है ही नहीं, सो उनकी गणना होती नहीं वरना यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक होगा। देश में सबसे ज्यादा हिन्दू सिंध में, कुल आबादी का 8.73 फीसद हैं। पंजाब राज्य में 0.19, खैबर पख्तुन्बा में 0.02, बलोचिस्तान में 0.40 और इस्लामाबाद में 0.04 फीसद हिन्दू आबादी का सरकारी आंकड़ा है। राजस्थान से सटे थारपारकर जिले में सात लाख 14 हजार 698 हिन्दू रहते हैं, तो मीरपुरखास में पांच लाख के करीब, सग्घर में चार लाख 46 हजार हैं तो बदिन, हैदराबाद, टंडो मुहम्मद खान और रहीम यार खान जिलों में एक से डेढ़ लाख हिन्दू रहते हैं। यहां उमरकोट जिले की आबादी का 52.15 फीसद हिन्दू हैं और यहां के राजपूत शासक बड़े ताकतवर हैं।

# पेरिस ओलंपिक मेडल टैली : चीन को पछाड़कर शीर्ष पर अमेरिका, भारत 57वें स्थान पर

**पेरिस**




एथलेटिक्स में दो स्वर्ण जीतने के बाद, अमेरिका ने चीन को पछाडक़र पेरिस ओलंपिक मेडल टैली में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है और प्रतियोगिता के 10वें दिन 19 स्वर्ण, 26 रजत और 26 कांस्य पदकों के साथ कुल 71 पदकों के साथ प्रवेश किया।

दूसरी ओर चीन शीर्ष स्थान गंवाते हुए 19 स्वर्ण, 15 रजत और 11 कांस्य के साथ कुल 45 पदकों के साथ अब दूसरे स्थान पर है।

मेजबान फ्रांस 12 स्वर्ण, 14 रजत और 18 कांस्य सहित 44 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 31 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है।

ग्रेट 10 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य पदकों के साथ कुल 37 पदकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

भारत तीन कांस्य पदकों के साथ वर्तमान में 57वें स्थान पर है।

टॉप- 5 और भारत:

1. अमेरिका (19 स्वर्ण , 26 रजत और 26 कांस्य); कुल 71
2. चीन (19 स्वर्ण , 15 रजत और 11 कांस्य); कुल 45
3. फ्रांस ( 12 स्वर्ण , 14 रजत और 18 कांस्य); कुल 44
4. ऑस्ट्रेलिया ( 12 स्वर्ण , 11 रजत और 8 कांस्य); कुल 31
5. ग्रेट ब्रिटेन (10 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य) ; कुल 37

44. भारत (0 स्वर्ण , 0 रजत और 3 कांस्य)

पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए 9वां दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा। एक तरफ बॉक्सिंग में भारत की पदक की उम्मीद लवलीना बोरगोहेन के क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारने से धूमिल हो गईं, तो दूसरी ओर लक्ष्य सेन भी बैडमिंटन में अपना सेमीफाइनल मैच हार गए। अच्छी बात यह है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

पेरिस ओलंपिक के 10वें दिन भारत का ऐसा रहेगा कार्यक्रम:

दोपहर 12:30 बजे: निशानेबाजी में अनंतजीत सिंह और महेश्वरी चौहान मिक्स्ड स्कीट टीम क्वालीफिकेशन में हिस्सा लेंगे।

दोपहर 1:30 बजे: टेबल टेनिस में महिला टीम (श्रीजा, मनिका और अर्चना कामत) राउंड ऑफ 16 में खेलेगी।

दोपहर 3:25 बजे: एथलेटिक्स में किरण पहल महिलाओं की 400 मीटर दौड़ राउंड-1 में भाग लेंगी।

दोपहर 3:45 बजे: नौकायन में नेत्रा कुमानन महिलाओं की डिंगी आईएलसीए 6 वर्ग की नौवीं और दसवीं रेस में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

शाम 6:00 बजे: बैडमिंटन में लक्ष्य सेन पुरुष एकल का कांस्य पदक मुकाबला खेलेंगे।

शाम 6:10 बजे: सेलिंग में विष्णु सरवनन पुरुषों की डिंगी आईएलसीए 7 वर्ग की नौवीं और दसवीं रेस में भाग लेंगे।

शाम 6:30 बजे: निशानेबाजी में अनंतजीत सिंह और महेश्वरी चौहान मिक्स्ड स्कीट टीम के कांस्य या स्वर्ण पदक मुकाबले में उतरेंगे। (यदि क्वालीफाई करते हैं)

शाम 6:30 बजे: महिला कुश्ती 68 किलो भार वर्ग में निशा का राउंड ऑफ 16 का मुकाबला होगा।

रात 7:50 बजे: महिला कुश्ती 68 किलो भार वर्ग में ही निशा का क्वार्टर फाइनल मुकाबला होगा। (अगर निशा क्वालीफाई करती हैं)

रात 10:34 बजे: एथलेटिक्स में अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज राउंड 1 में भाग लेंगे।

# इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 55 साल की उम्र में हुआ निधन, क्रिकेट जगत में छाई मायूसी

**नईदिल्ली**



इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 55 साल की आयु में निधन हो गया।वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी इस पूर्व बल्लेबाज की मृत्यु पर अपना शोक व्यक्त किया।बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड की ओर से 100 टेस्ट खेले थे। इसके बाद वह इंग्लिश टीम के साथ बतौर कोच भी काम कर चुके थे।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, हमें यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि ग्राहम थोर्प का निधन हो गया है। उनके निधन पर हमें जो गहरा सदमा लगा है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। इंग्लैंड के अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक होने के अलावा वह क्रिकेट परिवार के एक प्रिय सदस्य थे और दुनिया भर के प्रशंसक उनका सम्मान करते थे।

थोर्प ने 2005 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था।इसके बाद वह 2010 में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड में मुख्य बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल हुए और उन्होंने क्रिस सिल्वरवुड के सहायक कोच के रूप में काम किया। वह मार्च 2022 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त किए गए थे।हालांकि, बीमारी के कारण वह इस भूमिका से पीछे हट गए थे। बता दें कि थोर्प की बीमारी को लेकर स्पष्टता नहीं है।

थोर्प ने 1993 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था।उन्होंने 100 टेस्ट में 44.66 की औसत के साथ 6,744 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 16 शतक और 39 अर्धशतक लगाए थे।टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 200 रन रहा था।अपने वनडे करियर में उन्होंने 82 मैचों में 37.18 की औसत से 2,380 रन बनाए थे, जिसमें 21 अर्धशतक शामिल थे।

# जुलाई में 3.20 लाख गाड़ियों की हुई बिक्री, नई पेशकश और डिस्काउंट ऑफर्स से सेल्स में इजाफा

**नईदिल्ली**

नए मॉडल की पेशकश और बढ़ी हुई छूट से भारत में यात्री वाहनों की रिटेल बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ी। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार जुलाई में कुल यात्री वाहन खुदरा बिक्री बढक़र 3,20,129 इकाई हो गई, जबकि जुलाई 2023 में यह 2,90,564 इकाई थी।

फाडा के उपाध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने कहा, डीलरों ने बताया कि उन्हें अच्छे उत्पाद उपलब्ध होने, आकर्षक योजनाओं और उत्पादों की व्यापक श्रृंखला से लाभ मिला है।

उन्होंने कहा कि भारी बारिश, उपभोक्ता भावना में कमी और तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण चुनौतियां उत्पन्न हुईं, लेकिन अधिक प्रचार तथा बढ़ी छूट के जरिये बिक्री को बनाए रखने में कामयाबी हासिल हुई। जुलाई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 17 प्रतिशत बढक़र 14,43,463 इकाई रही, जो जुलाई 2023 में 12,31,930 इकाई थी।

# हॉकी: सेमीफाइनल से पहले हरमनप्रीत ने कहा, हम जर्मनी से फाइनल खेलना चाहते थे

**पेरिस**



पेरिस ओलंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में शानदार जीत के बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय हॉकी टीम मंगलवार को जब जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में उतरेगी तो इस बार लक्ष्य मेडल का रंग बदलने का होगा।

भारत के लिए हरमनप्रीत ने मैच के 22वें मिनट में गोल किया, जबकि ली मोर्टन ने 27वे मिनट में ब्रिटेन के लिए गोल किया।

निर्धारित 60 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूटआउट के जरिये विजेता का फैसला हुआ जहां भारत ने 4-2 से मुकाबला अपने नाम किया। पीआर श्रीजेश एक बार फिर अपनी स्मार्ट गोलकीपिंग से टीम की जीत के हीरो रहे। अब सेमीफाइनल में भारत का सामना विश्व नंबर-2 टीम जर्मनी से होगा।

सेमीफाइनल से पहले कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी जर्मनी के खिलाफ फाइनल खेलना चाहती थी।

हरमनप्रीत ने कहा, हम फाइनल में जर्मनी से खेलना चाहते थे। कम से कम ओलंपिक खेलों से पहले टीम मीटिंग के दौरान हमने आपस में यही चर्चा की थी। वे एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी हैं और जब हम उनके खिलाफ खेलते हैं तो मैच आमतौर पर आखिरी सेकंड तक खिंचता है।

सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है क्योंकि उनके डिफेंडर और नंबर एक पेनल्टी कॉर्नर रशर अमित रोहिदास इस मैच में नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उन पर एक मैच का बैन लगा है।

हरमनप्रीत ने आगे कहा, अब ये चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। हालांकि सेमीफाइनल के लिए अमित का मैदान पर न होना एक बड़ा झटका है, लेकिन हम अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। रविवार को हमारे प्रदर्शन में जो बात सबसे अलग रही, वह थी अमित की तरह अहम स्थान पर अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने की टीम की क्षमता। हर खिलाड़ी ने आगे बढक़र जिम्मेदारी उठाई और आखिरी मिनट तक हम लड़ते रहे।

# अमेरिका में मंदी की आशंका से वैश्विक बाजार धराशाई, 10 प्रतिशत तक फिसले

**मुंबई**

अमेरिका में मंदी की आहट से वैश्विक बाजारों में सोमवार को 10 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट देखने को मिली। एशिया के ज्यादातर बाजारों में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है।

जापान के शेयर बाजार में गिरावट का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। बेंचमार्क निक्केई 10 प्रतिशत फिसल गया है। सोल के बाजार 8 प्रतिशत, ताइपे 4.5 प्रतिशत, जकार्ता 2 प्रतिशत, हांगकांग 1.43 प्रतिशत और शंघाई के बाजार में करीब एक प्रतिशत की गिरावट है।

दक्षिण कोरियाई न्यू एजेंसी योनहाप ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गिरावट के साथ स्थानीय शेयर बाजार के बेंचमार्क केओएसपीआई 200 में पांच मिनट के लिए कारोबार रोक दिया गया।

दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजार अमेरिका में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। पिछले हफ्ते शुक्रवार को डाओ 1.51 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ था, यह लगातार दूसरा दिन था, जब डाओ में गिरावट देखने को मिली।

अमेरिकी में गिरावट का कारण निराशाजनक जॉब डेटा का आना है, जिसने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का संकेत दिया है।

वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर भारतीय शेयर बाजार में भी सोमवार को देखने को मिला। दोपहर 12 बजे सेंसेक्स 2,331 अंक या 2.88 प्रतिशत गिरकर 78,650 और निफ्टी 682 अंक या 2.76 प्रतिशत फिसलकर 24,035 पर था।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च हेड संतोष मीणा का कहना है कि वैश्विक बाजारों में लगातार आ रही खराब खबरों के कारण गिरावट देखने को मिल रही है। जापान ने ब्याज दरें बढ़ा दी हैं, जिसके कारण दुनियाभर में लगा जापान का पैसा वापस वहां की अर्थव्यवस्था में जाने की उम्मीद है।

वहीं, अमेरिका में भी जॉब डेटा खराब आया है, जिसके कारण बाजार में बिकवाली देखने को मिल रही है।

एक अन्य एक्सपर्ट का कहना है कि शेयर बाजार में रैली की प्रमुख वजह थी कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सबकुछ ठीक चल रहा है। जुलाई में अमेरिका के खराब जॉब डेटा ने इन सभी पर पानी फेर दिया है। अमेरिका में बेरोजगारी दर बढक़र 4.3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। मध्य पूर्व में तनाव ने इसको और अधिक बढ़ा दिया है, जिसके कारण बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है।

सोमवार को भारतीय शेयर बाजार भी बड़ी गिरावट के साथ खुला। सुबह 11 बजे सेंसेक्स 2,183 अंक या 2.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,798 और निफ्टी 657 अंक या 2.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,061 पर था।

# भारत के सर्विस सेक्टर की वृद्धि दर में जुलाई में मामूली गिरावट

**नईदिल्ली**



भारत के सर्विस सेक्टर की वृद्धि जून की तुलना में जुलाई में थोड़ी धीमी रही। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 रही जबकि जून में यह 60.5 थी।

खरीद प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, जुलाई में सेवा क्षेत्र की गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, नए कारोबार में और वृद्धि हुई जो मुख्य रूप से घरेलू मांग से प्रेरित रही। सेवा कंपनियां आने वाले वर्ष के लिए आशावादी हैं।

सितंबर 2014 में इस सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद से नए निर्यात ठेकों में तीसरी सबसे तेज वृद्धि हुई है, जिसका कारण दुनिया भर से भारतीय सेवाओं की मांग में वृद्धि है। निर्यात ठेकों की प्रमुख मांग ऑस्ट्रिया, ब्राजील, चीन, जापान, सिंगापुर, नीदरलैंड और अमेरिका से रही।

सर्वेक्षण में कहा गया, अनुकूल आर्थिक स्थिति और उत्पादन के प्रति आशावादी उम्मीदों ने सेवा कंपनियों में भर्ती को बढ़ावा दिया।

इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स जुलाई में 60.7 रहा, जो जून में 60.9 था। एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग है।

***वृष:*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका कोई छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीको में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी।

***कर्क :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे।

***सिंह:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की अंदरूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीको में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं।

***कन्या:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें। आपको कोई विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी।

***तुला:*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। इससे उन पर काम करने में मदद मिलेगी। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। कोई उपलब्धि भी मिल सकती है।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी और बिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

***धनु:*** आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे।

***मकर:*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। बिजनेस में आसपास के लोगों से चल रही प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए और मेहनत की जरूरत है।

***कुंभ:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा।

***मीन:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीको में बदलाव करेंगे।

# राम पोथिनेनी और संजय दत्त की एक्शन-थ्रिलर फिल्म डबल आईस्मार्ट का धांसू ट्रेलर रिलीज




एक सिनेमाई तूफान के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि राम पोथिनेनी और पुरी जगन्नाथ की धमाकेदार जोड़ी डबल इस्मार्ट के साथ वापस आ गई है, जो एक धमाकेदार सिनेमाई अनुभव का वादा करने वाली एक हाई-ऑक्टेन एक्शन से भरपूर फिल्म है।

विजाग की जीवंत पृष्ठभूमि के बीच लॉन्च किया गया ट्रेलर एक रोमांचकारी यात्रा के लिए मंच तैयार करता है। राम ने एक भव्य प्रवेश किया, खुद को डबल इस्मार्ट के रूप में पेश किया, जो एक एक्शन से भरपूर रोमांच की शुरुआत करता है। ट्रेलर में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ एक आकर्षक कहानी का खुलासा किया गया है, जो किसी भी कीमत पर राम को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

फिल्म की मुख्य महिला काव्या थापर ने एक ग्लैमरस एंट्री की, जो अन्यथा एक्शन से भरपूर कहानी में रोमांस का एक स्पर्श जोड़ती है। ट्रेलर में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस, इमोशनल अंडरटोन और भावुकता का एक सहज मिश्रण दिखाया गया है, जो एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव का वादा करता है।

हालांकि ट्रेलर में जाने-पहचाने ट्रॉप्स हैं, लेकिन राम की करिश्माई उपस्थिति, संजय दत्त का खतरनाक चित्रण और काव्या थापर की सिज़लिंग स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों को लुभाने के लिए निश्चित हैं। डबल आईस्मार्ट में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे और टेम्पर वामसी जैसे प्रभावशाली कलाकार हैं, जो कहानी में गहराई और रहस्य जोड़ते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर धनुष की रायन का धमाल, वर्ल्डवाइड ग्रास 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की फिल्म रायन ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। धनुष की तमिल एक्शन-ड्रामा रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरो में रिलीज हुयी है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिल रहा है। फिल्म रायन, धनुष के लिए कई मामलों में खास है। यह उनकी 50वीं फिल्म है और फिल्म को उन्होंने खुद निर्देशित भी किया है।

फिल्म रायन, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज की गयी है। फिल्म रायन को प्रदर्शित हुए नौ दिन हो गये हैं। रायन ने भारतीय बाजार में ग्रास 72 करोड़ से अधिक की कमाई की है, वहीं विदेश भी फिल्म रायन शानदार कमाई कर रही है। रायन ने विदेश में ग्रास 32 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।

# बर्फ जैसी दिखने वाली ये छोटी सी चीज कुछ ही दिनों में चमका देगी चेहरा

आपने बर्फ जैसी दिखने वाली ताड गोला के बारे में तो सुना होगा. यह सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है. यही नहीं इसका इस्तेमाल कर आप चेहरे को खूबसूरत बना सकते हैं. अगर आप भी चेहरे पर होने वाले पिंपल्स और दाग धब्बे से परेशान हो गए हैं, तो इस नेचुरल चीज का इस्तेमाल कर सकते हैं. यह आपके चेहरे को नेचुरल ग्लो देने में काफी मदद करेगी.

**आइस एप्पल का इस्तेमाल**

ताडग़ोला, जिसे आइस एप्पल भी कहा जाता है. यह न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाता है बल्कि त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद है. आइए जानते हैं कि ताडग़ोला आपकी त्वचा के लिए कैसे फायदेमंद हो सकता है.

**चेहरे के लिए ताडग़ोला के फायदे**

ताडग़ोला में पानी की मात्रा अधिक होती है, जिससे यह त्वचा को हाइड्रेट रखने में काफी मदद करता है. ताडग़ोला में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को मुक्त कणों से बचाता है और इसे चमकदार बनाता है. ताडग़ोला में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा के सूजन को कम करने में मदद करते हैं. यही नहीं यह एक्जिमा और सोरायसिस जैसी त्वचा की समस्याओं से राहत दिला सकता है.

**ऐसे करें ताडग़ोला का इस्तेमाल**

आप ताडग़ोला का कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं. इसका फेस पैक बनाने के लिए ताडग़ोले का गूदा, दही और शहद मिलाकर एक फेस पैक बनाएं और इसे 15 से 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं. इससे स्किन मुलायम और चमकदार बनेगी.

**ताडग़ोले से बना स्क्रब**

ताडग़ोले से स्क्रब बनाने के लिए इसके गूदे को चीनी के साथ मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और इसे चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें. यह डेड स्किन सेल्स को हटाता है और त्वचा को एक्सफोलिएट करता है.

**चेहरे को बनाएं खूबसूरत और चमकदार-** ताडग़ोला स्किन के लिए एक नेचुरल चीज है, जिसकी मदद से आप अपने चेहरे को खूबसूरत और चमकदार बना सकते हैं. ताडग़ोला आपकी स्किन को ठंडा रखने में भी काफी मदद करता है. हर किसी की स्किन अलग-अलग होती है. ऐसे में कुछ लोगों की स्किन पर यह सूट होता है, तो वहीं कुछ की स्किन पर नहीं होता है.

## शब्द सामर्थ्य- 140

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 139 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सू-दोकू- 140

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.139 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |